तू क्या महारथी है,
तुझको बचाने वाला,
तेरा सारथी है,
तु क्या महारथी है।।

तर्ज तू मेरी जिंदगी है।

माना के तरकश में,
हर बाण होगा,
गांडीव धनुष का तुझको,
अभिमान होगा,
पर मेरी नज़र में तू,
इक विध्यार्थी है
तु क्या महारथी है।।

रथवान रथ पर बनके,
वो भगवन बैठे,
ध्वज की पताका पे,
हनुमान बैठे,
वो रक्षक है तेरे और तू,
शरणार्थी है,
तु क्या महारथी है।।

रस्ता मेरा यहाँ अवरुद्ध होगा,

भक्त और भगवन का,
यहाँ युद्ध होगा,
देखूंगा तू भी कितना,
परमार्थी है,
तु क्या महारथी है ।।

अन्याय तेरे संग में,
होने ना देंगे,
अर्जुन वो माधव तुझको,
मरने ना देंगे,
कहे तुझसे चंदू लाला,
बड़ा स्वार्थी है,
तु क्या महारथी है ।।

तू क्या महारथी है,
तुझको बचाने वाला,
तेरा सारथी है,
तु क्या महारथी है ।।

Singer Gaurav Gupta (Delhi)

Source: https://www.bharattemples.com/tu-kya-maharathi-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw